# छत्तीसगढ़ विधान सभा सचिवालय

क्रमांक /वि.स./स्था./2022 रायपुर, दिनांक / /2022

## //कार्यालय आदेश //

आदेशानुसार, भारत के राष्ट्रपति पद के लिए मतदान दिनांक 18 जुलाई, 2022 को सुबह 10.00 बजे से सायं 5.00 बजे तक विधान सभा भवन स्थित समिति कक्ष क्रमांक 02 में होगा । उक्त निर्वाचन के दौरान सचिवालय के अधिकारियों/कर्मचारियों के लिये आवश्यक निर्देश निम्नानुसार है:-

01. दिनांक 18 जुलाई, 2022 को कार्यालय का समय प्रात: 09.00 बजे से सायं 6.00 बजे तक रहेगा ।
02. दिनांक 17 एवं 18 जुलाई, 2022 को समिति कक्ष क्रमांक -2 के पास वाला द्वार बंद रहेगा ।
03. दिनांक 17 एवं 18 जुलाई, 2022 को सेंट्रल हॉल की ओर जाने वाला चेनल गेट सचिवालय के अधिकारियों /कर्मचारियों के आने जाने हेतु खुला रहेगा।
04. दिनांक 18 जुलाई, 2022 को सचिवालय के सभी अधिकारी/ कर्मचारी उन्हें प्रदायित पेंट/शर्ट एवं जेकेट पहनकर कार्यालय आयेंगे । इसी प्रकार चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी भी निर्धारित वर्दी में रहेंगे ।
05. दिनांक 18 जुलाई, 2022 को विधान सभा भवन के मुख्य द्वार से लॉन की ओर जाने वाले द्वार के बायीं ओर से समिति कक्ष -2 की ओर जाने वाला कॉरिडोर तथा समिति कक्ष -3 के पास से समिति कक्ष-2 की ओर जाने वाला कॉरिडोर केवल विधानसभा के निर्वाचित सदस्य, भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रदत्त प्रवेश पत्र धारक तथा राष्ट्रपतीय निर्वाचन, 2022 हेतु नियुक्त पीठासीन अधिकारी व सचिव, विधानसभा द्वारा जारी किये गये प्रवेश पत्र धारक के अतिरिक्त किसी अन्य व्यक्ति का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा । अत: कोई भी अधिकारी/कर्मचारी प्रतिबंधित स्थान में प्रवेश ना करें ।
06. विधान सभा के मुख्य भवन के "ए" ब्लाक के प्रथम तल स्थित वित्त विभाग को आबंटित कक्ष की ओर से नीचे पेन्ट्री की ओर आने वाला रास्ता भी दिनांक 17 एवं 18 जुलाई, 2022 को बंद रहेगा ।

आदेश से,

(हस्ताक्षर)

उप सचिव

छत्तीसगढ़ विधान सभा

(7)

पृ.क्रमांक 7327 /वि.स./स्था./2022 रायपुर, दिनांक 12/7/2022

प्रतिलिपि

01. मान. अध्यक्ष के सचिव, छत्तीसगढ़ विधान सभा को मान. अध्यक्ष महोदय के सूचनार्थ ।
02. मान. नेता प्रतिपक्ष के विशेष सहायक, छत्तीसगढ़ विधान सभा को मान. नेता प्रतिपक्ष महोदय के सूचनार्थ ।
03. मान. उपाध्यक्ष के निज सचिव, छत्तीसगढ़ विधान सभा को मान. उपाध्यक्ष महोदय के सूचनार्थ ।
04. सचिव, छत्तीसगढ़ विधान सभा सचिवालय के स्टॉफ ऑफिसर को सचिव महोदय के सूचनार्थ।
05. समस्त अधिकारी/ कर्मचारी, छत्तीसगढ़ विधान सभा सचिवालय की ओर सूचनार्थ/पालनार्थ।
06. सर्वर कक्ष ।

उप सचिव
छत्तीसगढ़ विधान सभा